2. सही उत्तर चुनकर ✓ लगाओ—

क. चाहे राह में बाधा आए .... न मारें।

☐ खुद को ☐ मित्र को ☑ आशा को ☐ श्रम को

ख. नन्हे-नन्हे .... से चल राहें नई बनाएँ।

☑ कदमों ☐ फूलों ☐ पैरों ☐ पाँवों

*मूल्यपरक प्रश्न

हमें अपने लक्ष्य को पाने के लिए किन-किन गुणों को अपनाना चाहिए? *(Critical Thinking)*

Value
- honesty, hard work

भाषा-ज्ञान

L.O. 6

1. इन शब्दों के विलोम शब्द लिखो—

antonyms

आशा	—	निराशा	दूर	—	पास
नई	—	पुरानी	सच	—	झूठ

2. वे शब्द जिनके अर्थ लगभग समान होते हैं, पर्यायवाची कहलाते हैं।

कुछ पर्यायवाची शब्द जानो—

synonyms

आशा	—	उम्मीद, आस	श्रम	—	मेहनत, परिश्रम
राह	—	रास्ता, मार्ग	डर	—	भय, खौफ़
शक्ति	—	ताकत, बल	बाधा	—	मुसीबत, परेशानी

***अध्यापन निर्देश**

अध्यापक/अध्यापिका मूल्यपरक प्रश्न के माध्यम से चर्चा हुए विद्यार्थियों के सामाजिक और भावनात्मक कौशलों को परखने और परिष्कृत करने का प्रयास करते हुए उन्हें भावी जीवन के लिए तैयार करें। उन्हें बताएँ कि सफल होने के लिए न केवल योग्यता और परिश्रम आवश्यक है, अपितु मन में आशा, विश्वास और निष्ठा का होना भी ज़रूरी है।

Scanned with OKEN Scanner

3. **पहला वर्ण बदलकर नया शब्द बनाओ—**

• make new word

राह	—	चाह	शक्ति	—	भक्ति
मन	—	तन	सारे	—	तारे
सपना	—	अपना	बाधा	—	आधा
छल	—	कल	नई	—	कई

विषय संवर्धन गतिविधियाँ Subject Enrichment Activities

1. कविता याद करके कक्षा में सुनाओ।
2. पुस्तकालय से साहसी बच्चों की कहानियाँ पढ़ो। *(Appreciation of Literature)*
3. अपने जीवन की एक ऐसी घटना लिखकर कक्षा में सुनाओ, जिसमें आप किसी परेशानी का सामना करना पड़ा हो, लेकिन उससे आपको कोई अच्छी सीख मिली हो। *(Experiential Learning)*

• recitation
• reading
• watching movie
M.I.
– musical
– spatial
– linguistic

पाठ से आगे

L.O. 4

बच्चों की फ़िल्म 'हरी पुत्तर : ए कॉमेडी ऑफ़ टेरर्स' देखो। फ़िल्म की कहानी कक्षा में सुनाओ। *https://www.youtube.com* (ASL)

मैंने सीखा और जाना...

हमें सदैव अच्छे गुणों को अपनाकर अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए तभी हम सफलता प्राप्त कर सकते हैं। मैं इस कविता से सीख लेकर अपने जीवन में...

यह भी जानें

तिलक मेहता नामक बालक ने 13 वर्ष की उम्र में अपनी लगन से करोड़ों की कंपनी खड़ी कर ली है। उनकी कंपनी का नाम है— पेपर्स एंड पार्सल्स (PnP)

Scanned with OKEN Scanner